    (ii) Naro Ltd. issued 50,000, 10% debentures of ₹ 100 each at a premium of 5%, redeemable at a premium of 10%.

22. Raja, Bharat and Vedika were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Their Balance Sheet as on 31st March, 2024 was as follows :

Balance Sheet of Raja, Bharat and Vedika as on 31st March, 2024

Liabilities		Amount (₹)	Assets	Amount (₹)
Creditors		80,000	Bank	15,000
General Reserve		50,000	Stock	70,000
Capitals :			Debtors	85,000
Raja	1,10,000		Furniture	1,20,000
Bharat	1,00,000		Machinery	1,40,000
Vedika	90,000	3,00,000		
		4,30,000		**4,30,000**

Vedika died on 31st July, 2024. According to the partnership deed, her legal representatives are entitled to the following :
(i) Balance in her capital account
(ii) Interest on capital @ 8% p.a.
(iii) Her share in the profit upto the date of death to be calculated on the basis of last year's profit. Vedika's share of profit was ₹ 3,000.
(iv) Her share of goodwill calculated on the basis of two years purchase of average profits of last three years. The average profit of last three years was ₹ 40,000. Vedika's drawings upto the date of death were ₹ 12,000.

Prepare Vedika's Capital Account to be rendered to her executors. **4**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

23. एम के लिमिटेड ₹ 10 प्रत्येक के 90,000 समता अंशों में विभक्त ₹ 9,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत थी । कम्पनी ने जनता को अभिदान के लिए 80,000 समता अंश प्रस्तावित किये । 78,000 समता अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को अंशों का आबंटन कर दिया गया । मनीशा को आबंटित 1,000 अंशों पर, ₹ 3 प्रति अंश की प्रथम एवं अन्तिम याचना को छोड़कर, संपूर्ण देय राशि प्राप्त हो गयी । उसके अंशों का हरण कर लिया गया ।
निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'खातों की टिप्पणियों' में दर्शायी जाने वाली 'अदत्त याचना राशि' होगी :
(A) शून्य (B) ₹ 2,34,000
(C) ₹ 7,000 (D) ₹ 3,000

(ii) हरण के पश्चात् एम के लिमिटेड के अंशों की संख्या होगी :
(A) 78,000 (B) 89,000
(C) 79,000 (D) 77,000

(iii) 'खातों की टिप्पणियों' में 'अंश हरण खाते' के अन्तर्गत दर्शाई जाने वाली राशि होगी :
(A) शून्य (B) ₹ 7,000
(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 10,000

(iv) 'खातों की टिप्पणियों' में 'निर्गमित पूँजी' के अंतर्गत दर्शाई जाने वाली राशि होगी :
(A) ₹ 9,00,000 (B) ₹ 7,80,000
(C) ₹ 8,00,000 (D) ₹ 7,70,000

(v) एम के लिमिटेड के स्थिति विवरण में 'खातों के नोट्स' में 'अंश हरण खाते' के शेष को दर्शाया जायेगा :
(A) 'खातों के नोट्स' में नहीं दर्शाया जाएगा (B) निर्गमित पूँजी में
(C) अधिकृत पूँजी में (D) अभिदत्त पूँजी में

(vi) एम के लिमिटेड के स्थिति विवरण में दर्शायी जाने वाली 'अंश पूँजी' की राशि होगी :
(A) ₹ 7,80,000 (B) ₹ 7,73,000
(C) ₹ 7,77,000 (D) ₹ 7,87,000 **6**

24. विभिन्न परिसम्पत्तियों (रोकड़ को छोड़कर) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में हस्तान्तरित करने के पश्चात् सामी तथा ऊषा की साझेदारी फर्म के विघटन पर निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 18,000 के लेनदारों ने सभी निवेश ₹ 11,000 में ले लिए । उन्हें शेष राशि का भुगतान चैक द्वारा किया गया ।

(ii) ₹ 23,000 के एक देनदार, जिसके ऋण को डूबत ऋण के रूप में अपलिखित कर दिया गया था, ने पूर्ण निपटान में ₹ 15,000 का भुगतान किया ।

(iii) ऊषा ने फर्म को ₹ 16,000 का ऋण दिया हुआ था । उसने अपने ऋण के पूर्ण निपटान में ₹ 14,000 स्वीकार किये ।

(iv) ₹ 20,000 पुस्तक मूल्य का स्टॉक सामी तथा ऊषा ने अपने लाभ विभाजन अनुपात में ले लिया ।

(v) फर्म ने सामी की ओर से ₹ 9,000 के वसूली व्ययों का भुगतान किया ।

(vi) फर्म के पास ₹ 40,000 का फर्नीचर था । ऊषा ने 50% फर्नीचर 10% के बट्टे पर ले लिया तथा शेष फर्नीचर को पुस्तक मूल्य के 20% लाभ पर बेचा गया । **6**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

23. MK Ltd. was registered with an authorised capital of ₹ 9,00,000 divided into 90,000 equity shares of ₹ 10 each. The company offered to the public for subscription 80,000 equity shares. Applications were received for 78,000 equity shares and shares were allotted to all the applicants. All money due was received with the exception of first and final call money of ₹ 3 per shares on 1,000 shares allotted to Manisha. Her shares were forfeited.
Answer the following questions :

(i) The amount of 'Calls in Arrears' disclosed in 'Notes to Accounts' will be :
(A) Nil (B) ₹ 2,34,000
(C) ₹ 7,000 (D) ₹ 3,000

(ii) The number of shares of MK Ltd. after forfeiture will be :
(A) 78,000 (B) 89,000
(C) 79,000 (D) 77,000

(iii) In the 'Notes to Accounts', the amount disclosed under 'Share Forfeiture Account' will be :
(A) Nil (B) ₹ 7,000
(C) ₹ 3,000 (D) ₹ 10,000

(iv) In the 'Notes to Accounts', the amount disclosed under 'Issued Capital' will be :
(A) ₹ 9,00,000 (B) ₹ 7,80,000
(C) ₹ 8,00,000 (D) ₹ 7,70,000

(v) Balance in 'Share Forfeiture Account' will be shown in 'Notes to Accounts' in the Balance Sheet of MK Ltd. under :
(A) Will not be shown in 'Notes to Accounts'
(B) Issued capital
(C) Authorised capital
(D) Subscribed capital

(vi) The amount of 'Share Capital' disclosed in the Balance Sheet of MK Ltd. will be :
(A) ₹ 7,80,000 (B) ₹ 7,73,000
(C) ₹ 7,77,000 (D) ₹ 7,87,000 **6**

24. Pass the necessary journal entries for the following transactions on the dissolution of the partnership firm of Sami and Usha after various assets (other than cash) and external liabilities have been transferred to Realisation Account :

(i) Creditors of ₹ 18,000 took over all the investments at ₹ 11,000. Remaining amount was paid to them through a cheque.

(ii) A debtor whose debt of ₹ 23,000 was written off as bad paid ₹ 15,000 in full settlement.

(iii) Usha had given a loan of ₹ 16,000 to the firm. She accepted ₹ 14,000 in full settlement of her loan.

(iv) Stock of the book value of ₹ 20,000 was taken over by Sami and Usha in their profit sharing ratio.

(v) The firm paid realisation expenses amounting to ₹ 9,000 on behalf of Sami.

(vi) The firm had furniture of ₹ 40,000. Usha took over 50% of the furniture at a discount of 10% and the remaining furniture was sold at a profit of 20% on book value. **6**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

25. (a) अल्टीमा लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 2,00,000 समता अंशों को ₹ 4 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किये । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :
आवेदन तथा आबंटन पर – ₹ 7 प्रति अंश (₹ 1 प्रीमियम सहित)
प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – शेष
2,40,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 30,000 अंशों के लिए आवेदन रद्द कर दिए गये तथा शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन तथा आबंटन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि वापिस कर दी गयी । मानवी, जिसे 4,000 अंश आबंटित किये गये थे, प्रथम तथा अन्तिम याचना राशि का भुगतान करने में असफल रही । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किये गये सभी अंशों को ₹ 4 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया ।
अल्टीमा लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **6**

अथवा

(b) निम्न स्थितियों में अंशों के हरण तथा हरण किए गये अंशों के पुन: निर्गमन की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) मैसिल लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 3,000 अंशों को जिन्हें 20% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, ₹ 30 प्रति अंश की आबंटन राशि तथा ₹ 40 प्रति अंश (₹ 10 प्रीमियम सहित) की प्रथम याचना राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिया । ₹ 30 प्रति अंश (₹ 10 प्रीमियम सहित) की दूसरी तथा अंतिम याचना राशि अभी तक माँगी नहीं गयी थी । इनमें से 2,000 अंशों को ₹ 80 प्रति अंश प्रदत्त, ₹ 90 प्रति अंश में पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

(ii) एवियन लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के उन 10,000 अंशों का हरण कर लिया जिन पर ₹ 4 प्रति अंश की प्रथम याचना प्राप्त नहीं हुई थी तथा ₹ 1 प्रति अंश की दूसरी तथा अन्तिम याचना अभी माँगी नहीं गयी थी । इनमें से 4,000 अंशों को ₹ 9 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त अजय को पुन: निर्गमित कर दिए गये । **6**

26. (a) आर्यन तथा आद्या एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2024 को आर्यन तथा आद्या का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ		राशि (₹)
पूँजी :			मशीनरी		3,90,000
आर्यन	3,20,000		फर्नीचर		80,000
आद्या	2,40,000	5,60,000	देनदार	90,000	
कामगार क्षतिपूर्ति संचय		20,000	घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	1,000	89,000
बैंक ऋण		60,000	स्टॉक		77,000
लेनदार		48,000	रोकड़		32,000
			लाभ-हानि खाता		20,000
		6,88,000			**6,88,000**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

25. (a) Altima Ltd. invited applications for issuing 2,00,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 4 per share. The amount was payable as follows :

On application and allotment – ₹ 7 per share (including premium ₹ 1)
On first and final call – Balance

Applications were received for 2,40,000 shares. Applications for 30,000 shares were rejected and pro-rata allotment was made to the remaining applicants. Excess money received on application and allotment was returned. Manvi, who was allotted 4,000 shares failed to pay the first and final call money. Her shares were forfeited. All the forfeited shares were reissued at ₹ 4 per share fully paid up.

Pass necessary journal entries in the books of Altima Ltd. **6**

OR

(b) Pass necessary journal entries for forfeiture and reissue of forfeited shares in the following cases :

(i) Macil Ltd. forfeited 3,000 shares of ₹ 100 each issued at 20% premium for the non-payment of allotment money of ₹ 30 per share and first call of ₹ 40 per share (including premium ₹ 10). The second and final call of ₹ 30 per share (including premium ₹ 10) was not yet called. Out of these, 2,000 shares were reissued at ₹ 80 per share paid up for ₹ 90 per share.

(ii) Avian Ltd. forfeited 10,000 shares of ₹ 10 each on which the first call of ₹ 4 per share was not received and the second and final call of ₹ 1 per share was not yet called. Out of these, 4,000 shares were reissued to Ajay as fully paid up for ₹ 9 per share. **6**

26. (a) Aryan and Adya were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1. Their Balance Sheet on 31st March, 2024 was as follows :

Balance sheet of Aryan and Adya as at 31st March, 2024

Liabilities	Amount (₹)	Assets	Amount (₹)
Capitals :		Machinery	3,90,000
Aryan 3,20,000		Furniture	80,000
Adya 2,40,000	5,60,000	Debtors 90,000	
Workmen's Compensation Reserve	20,000	Less : provision for doubtful debts 1,000	89,000
Bank loan	60,000	Stock	77,000
Creditors	48,000	Cash	32,000
		Profit & Loss Account	20,000
	6,88,000		**6,88,000**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

1 अप्रैल, 2024 को निम्न शर्तों पर देव को फर्म के लाभों में 1/5 भाग के लिए एक नया साझेदार बनाया गया :

(i) देव फर्म में लाभों में अपने भाग के अनुपात में पूँजी लायेगा ।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 2,00,000 किया गया तथा देव अपने भाग की ख्याति प्रीमियम की राशि नगद लायेगा ।

(iii) मशीनरी का पुनर्मूल्यांकन ₹ 4,50,000 किया गया ।

(iv) देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिये 5% का प्रावधान करना था ।

(v) लेनदारों में सम्मिलित ₹ 3,500 की एक देयता के उत्पन्न होने की संभावना नहीं थी ।

देव के प्रवेश पर पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । **6**

अथवा

(b) आशीष, विनीत तथा रीमा एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2024 को आशीष, विनीत तथा रीमा का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ		राशि (₹)
पूँजी :			एकस्व		80,000
आशीष	2,00,000		फर्नीचर		3,00,000
विनीत	2,00,000		स्टॉक		1,70,000
रीमा	1,00,000	5,00,000	देनदार	80,000	
सामान्य संचय		50,000	घटा : संदिग्ध ऋणों		
देय विपत्र		80,000	के लिए प्रावधान	8,000	72,000
लेनदार		40,000	नगद		48,000
		6,70,000			**6,70,000**

उपरोक्त तिथि को निम्न शर्तों पर विनीत सेवा-निवृत्त हो गया :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 60,000 किया गया तथा इसका समायोजन आशीष तथा रीमा के पूँजी खातों में किया गया जो भविष्य में 3 : 2 के अनुपात में लाभों का विभाजन करेंगे ।

(ii) स्टॉक का मूल्य ₹ 10,000 से कम करना था ।

(iii) एकस्व का मूल्यांकन 20% कम पाया गया ।

(iv) सेवा-निवृत्ति पर विनीत को ₹ 20,000 का भुगतान तुरन्त किया गया तथा शेष का हस्तांतरण उसके ऋण खाते में कर दिया गया जिस पर 8% वार्षिक दर से ब्याज देय होगा ।

विनीत की सेवा-निवृत्ति पर आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **6**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Dev was admitted into the firm on 1st April, 2024 for 1/5th share in the profits of the firm on the following terms :

(i) Dev will bring capital proportionate to his share in the profits of the firm.

(ii) Goodwill of the firm was valued at ₹ 2,00,000 and Dev will bring his share of goodwill premium in cash.

(iii) Machinery was revalued at ₹ 4,50,000.

(iv) A provision for doubtful debts was to be created at 5% on debtors.

(v) A liability of ₹ 3,500 included in creditors was not likely to arise.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts on Dev's admission. **6**

OR

(b) Ashish, Vinit and Reema were partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Their Balance Sheet on 31st March, 2024 was as follows :

Balance sheet of Ashish, Vinit and Reema as at 31st March, 2024

Liabilities		Amount (₹)	Assets		Amount (₹)
Capitals :			Patents		80,000
Ashish	2,00,000		Furniture		3,00,000
Vinit	2,00,000		Stock		1,70,000
Reema	1,00,000	5,00,000	Debtors	80,000	
General Reserve		50,000	Less : provision for doubtful debts	8,000	72,000
Bills Payable		80,000			
Creditors		40,000	Cash		48,000
		6,70,000			**6,70,000**

On the above date, Vinit retired on the following terms :

(i) Goodwill of the firm was valued at ₹ 60,000 and the same was adjusted into the capital accounts of Ashish and Reema who will share profits in future in the ratio of 3 : 2.

(ii) Value of stock was to be reduced by ₹ 10,000.

(iii) Patents are found undervalued by 20%.

(iv) Vinit was paid ₹ 20,000 immediately on retirement and the balance was transferred to his loan account carrying interest @ 8% p.a.

Pass necessary journal entries on Vinit's retirement. **6**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

भाग – ख
विकल्प – I
(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

27. (a) रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करने के उद्देश्य से निम्न में से कौन सी प्रचालन गतिविधियाँ हैं ?

(i) माल तथा सेवाओं के आपूर्तिकर्ताओं को नगद भुगतान ।

(ii) अन्य उद्यमों में निवेश से प्राप्त लाभांश ।

(iii) रॉयलटी, फीस, कमीशन तथा अन्य आगमों से प्राप्त नगद ।

(iv) उधार ली गयी राशियों का नकद पुनर्भुगतान ।

(A) (i), (ii) तथा (iii) (B) (i) तथा (iii)

(C) (i), (iii) तथा (iv) (D) (iii) तथा (iv) 1

अथवा

(b) निम्न में से कौन सा कथन गलत है ?

(A) लाभांश तथा ब्याज के भुगतान का परिणाम होगा वित्तीय गतिविधियों से नगद का बहिर्वाह ।

(B) कर्मचारी हितलाभ व्ययों के भुगतान का परिणाम होगा प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ का बहिर्वाह ।

(C) ब्याज तथा लाभांश की प्राप्ति का परिणाम होगा वित्तीय गतिविधियों से रोकड़ का अन्तर्वाह ।

(D) प्रचालन गतिविधियाँ उद्यम की प्रमुख आगम उत्पादक गतिविधियाँ होती हैं । 1

28. **कथन – I :** निवेश क्रियाकलापों में दीर्घकालीन परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण एवं निपटान तथा वे अन्य निवेश हैं जो रोकड़ समतुल्यों में सम्मिलित नहीं हों, आते हैं ।

कथन – II : स्थायी परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण के लिए नगद भुगतान का परिणाम, जिसमें अमूर्त परिसम्पत्तियों तथा पूँजीकृत शोध एवं विकास सम्मिलित हैं, निवेश गतिविधियों से रोकड़ का बहिर्वाह होता है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) दोनों कथन सत्य हैं । (B) दोनों कथन असत्य हैं ।

(C) केवल कथन I सत्य है । (D) केवल कथन II सत्य है । 1

29. (a) वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की वह तकनीक जो वित्तीय स्थिति तथा प्रचालन परिणामों की प्रवृत्ति तथा दिशा की तरफ इशारा करती है, वह है _____

(A) तुलनात्मक विवरण (B) सामान्य आकार विवरण

(C) रोकड़ प्रवाह विश्लेषण (D) अनुपात विश्लेषण 1

अथवा

(b) संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर आधारित व्यवसाय के संचालनों की दक्षता को मापन हेतु परिकलित किए जाने वाले अनुपात को जाना जाता है _____

(A) लाभप्रदता अनुपात (B) ऋण–शोधन क्षमता अनुपात

(C) आवर्त अनुपात (D) द्रवता अनुपात 1

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

PART – B
OPTION – I
(Analysis of Financial Statements)

27. (a) Which of the following are operating activities for the purpose of preparing cash flow statement ?
(i) Cash payments to suppliers for goods and services.
(ii) Dividend received from investments in other enterprises.
(iii) Cash receipts from royalties, fees, commissions and other revenues.
(iv) Cash repayments of amounts borrowed.
(A) (i), (ii) and (iii) (B) (i) and (iii)
(C) (i), (iii) and (iv) (D) (iii) and (iv) **1**

OR

(b) Which of the following statements is incorrect ?
(A) Payment of dividend and interest will result in cash outflow from financing activities.
(B) Payment of employee benefit expenses will result in cash outflows from operating activities.
(C) Receipt of interest and dividend will result in cash inflow from financing activities.
(D) Operating activities are the principal revenue generating activities of the enterprise. **1**

28. **Statement – I :** Investing activities are the acquisition and disposal of long term assets and other investments not included in cash equivalents.
Statement – II : Cash payments to acquire fixed assets including intangibles and capitalised research and development results in cash outflow from investing activities.
Choose the correct option from the following :
(A) Both the Statements are true. (B) Both the Statements are false.
(C) Only Statement I is true. (D) Only Statement II is true. **1**

29. (a) The tool of analysis of financial statements which indicates the trend and direction of financial position and operating results is _____.
(A) Comparative Statements (B) Common Size Statements
(C) Cash Flow Analysis (D) Ratio Analysis **1**

OR

(b) Ratios that are calculated for measuring the efficiency of operations of the business based on effective utilization of resources are known as _____.
(A) Profitability ratios (B) Solvency ratios
(C) Turnover ratios (D) Liquidity ratios **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

30. मानक एंटरप्राइजेज़ का ऋण समता अनुपात 2.5 : 1 है । निम्न में से किस लेनदेन का परिणाम अनुपात में वृद्धि करेगा ?

(A) ₹ 2,00,000 के माल का उधार क्रय ।

(B) लेनदारों को ₹ 3,00,000 का भुगतान ।

(C) ₹ 6,00,000 के ऋणपत्रों का निर्गमन ।

(D) ₹ 4,00,000 पुस्तक मूल्य के फर्नीचर का 10% लाभ पर विक्रय । **1**

31. कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-III, भाग-I के अनुसार निम्न मदों को कम्पनी के स्थिति विवरण में मुख्य शीर्षकों तथा उप-शीर्षकों (यदि कोई है) के अन्तर्गत वर्गीकृत कीजिए :

(i) पूर्वदत्त याचना

(ii) लाइसेंस तथा फ्रैंचाईज़

(iii) पूर्वदत्त बीमा **3**

32. एन के लिमिटेड की निम्न सूचना से 31 मार्च, 2023 तथा 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्षों के लिए सामान्य आकार का लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए :

विवरण	2023-24 (₹)	2022-23 (₹)
प्रचालनों से आगम	20,00,000	10,00,000
उपभोग किये गये माल की लागत	5,00,000	3,00,000
कर्मचारी हितलाभ व्यय	2,00,000	1,00,000
आयकर 40% की दर से		

3

33. (a) निम्न सूचना से आरम्भिक तथा अन्तिम व्यापारिक देय की गणना कीजिए :

कुल क्रय ₹ 15,00,000;

नगद क्रय उधार क्रय का 25% है; व्यापारिक देय आवर्त अनुपात 4 गुना है; अन्तिम व्यापारिक देय आरम्भिक व्यापारिक देय का दो गुना है । **4**

अथवा

(b) निम्न सूचना से 'निवेश पर प्रत्याय' की गणना कीजिए :

अंशधारक निधि	₹ 16,00,000
10% ऋणपत्र	₹ 8,00,000
चालू देयताएँ	₹ 2,00,000
चालू परिसम्पत्तियाँ	₹ 5,00,000
अचल-परिसम्पत्तियाँ	₹ 21,00,000

कर पश्चात् शुद्ध लाभ ₹ 3,00,000 तथा कर की राशि ₹ 1,00,000 थी । **4**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

30. The Debt Equity Ratio of Manak Enterprises is 2.5 : 1. Which of the following transaction will result in increase in this ratio ?
(A) Purchase of goods on credit ₹ 2,00,000.
(B) Payment to creditors ₹ 3,00,000.
(C) Issue of debentures ₹ 6,00,000.
(D) Sale of furniture of the book value of ₹ 4,00,000 at a profit of 10%. **1**

31. Classify the following items under major heads and sub-heads (if any) in the balance sheet of the company as per Schedule-III, Part-I of the Companies Act, 2013 :
(i) Calls in advance
(ii) Licences and Franchise
(iii) Prepaid Insurance **3**

32. From the following information of NK Ltd., prepare a common size Statement of Profit and Loss for the years ended 31st March, 2023 and 31st March, 2024 :

Particulars	2023-24 (₹)	2022-23 (₹)
Revenue from operations	20,00,000	10,00,000
Cost of materials consumed	5,00,000	3,00,000
Employee benefit expenses	2,00,000	1,00,000
Income Tax @ 40%		

3

33. (a) Calculate opening and closing Trade Payables from the following information :
Total purchases ₹ 15,00,000;
Cash purchases are 25% of credit purchases;
Trade payables turnover ratio is 4 times;
Closing trade payables are two times of opening trade payables. **4**

OR

(b) From the following information, calculate 'Return on Investment' :

Shareholders Funds	₹ 16,00,000
10% Debentures	₹ 8,00,000
Current Liabilities	₹ 2,00,000
Current Assets	₹ 5,00,000
Non-Current Assets	₹ 21,00,000

Net profit after tax was ₹ 3,00,000 and the tax amounted to ₹ 1,00,000. **4**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

34. (a) निम्न सूचना से निवेश गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

विवरण	31-3-2024 (₹)	31-3-2023 (₹)
मशीनरी (लागत मूल्य पर)	3,80,000	3,00,000
एकत्रित मूल्यह्रास	62,000	45,000

अतिरिक्त सूचना :

₹ 50,000 लागत मूल्य की एक मशीनरी, जिस पर एकत्रित मूल्यह्रास ₹ 20,000 था, को 10% के लाभ पर बेचा गया ।

(b) निम्न सूचना से वित्तीयन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

विवरण	31-3-2024 (₹)	31-3-2023 (₹)
समता अंश पूँजी	12,00,000	8,00,000
11% ऋणपत्र	3,00,000	4,00,000
प्रतिभूति प्रीमियम	1,40,000	1,00,000

अतिरिक्त सूचना :

ऋणपत्रों पर भुगतान किये गये ब्याज की राशि ₹ 40,000 थी । **6**

भाग – ख
विकल्प – II
(अभिकलित लेखांकन)

27. (a) एक व्यवसाय की परिसम्पत्तियों को सुरक्षित रखने तथा संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग के लिए :

(A) केवल इसकी परिसम्पत्तियों को कवच तथा सुरक्षा प्रदान की जाए ।

(B) केवल पर्याप्त लाभ कमाने का प्रयास किया जाए ।

(C) आंतरिक जाँच तथा नियन्त्रण रखा जाए ।

(D) केवल लेखांकन अभिलेखों की परिशुद्धता सुनिश्चित की जाए । **1**

अथवा

(b) स्थिति विवरण के लेखा समूह में लेखा समूह–ऋण (देयताएँ) में निम्न में से कौन सी मद सम्मिलित नहीं होती है ?

(A) बैंक अधिविकर्ष (B) विभिन्न लेनदार

(C) असुरक्षित ऋण (D) सुरक्षित ऋण **1**

28. गैर–नगद लेनदेनों के लिए सामान्य रूप से उपयोग में लाया जाने वाला समायोजन प्रमाणक (वाउचर) निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(A) भुगतान प्रमाणक (वाउचर) (B) प्राप्ति प्रमाणक (वाउचर)

(C) कॉन्ट्रा प्रमाणक (वाउचर) (D) रोजनामचा प्रमाणक (वाउचर) **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

34. (a) From the following information, calculate Cash Flows from Investing Activities :

Particulars	31-3-2024 (₹)	31-3-2023 (₹)
Machinery (at cost)	3,80,000	3,00,000
Accumulated Depreciation	62,000	45,000

Additional Information :

A machine costing ₹ 50,000 on which accumulated depreciation was ₹ 20,000 was sold at a profit of 10%.

(b) From the following information, calculate Cash flows from Financing Activities :

Particulars	31-3-2024 (₹)	31-3-2023 (₹)
Equity Share Capital	12,00,000	8,00,000
11% Debentures	3,00,000	4,00,000
Securities Premium	1,40,000	1,00,000

Additional Information :

Interest paid on debentures amounted to ₹ 40,000. **6**

PART – B
OPTION – II
(Computerised Accounting)

27. (a) To safeguard assets and optimise the use of resources of a business :

(A) shield and secure its assets only.
(B) try to earn sufficient profits only.
(C) keep internal checks and controls.
(D) ensure accuracy in accounting records only. **1**

OR

(b) Which of the following item is not included in Account group-loans (liabilities) in the Account group of Balance Sheet ?

(A) Bank overdraft (B) Sundry creditors
(C) Unsecured loans (D) Secured loans **1**

28. Which of the following is an adjustment voucher normally used for non-cash transaction ?

(A) Payment voucher (B) Receipt voucher
(C) Contra voucher (D) Journal voucher **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

29. (a) निम्न में से कौन सा अभिकलित लेखांकन प्रणाली का लाभ नहीं है ?

(A) वांछित प्रारूप में प्रतिवेदनों को समयानुसार बनाना ।

(B) प्रोग्राम नहीं किए गए तथा अप्रविशिष्ट प्रतिवेदनों को उत्पन्न नहीं किया जा सकता है ।

(C) लेखांकन डेटा के प्रक्रियण में मितव्ययता ।

(D) अभिलेखों को प्रभावी तरीके से रखना । **1**

अथवा

(b) संहिताकरण करने की आवश्यकता होती है :

(A) डेटा के सरल प्रक्रियण तथा लेखों को रखने के लिए

(B) स्मरणीय कोड उत्पन्न करने के लिए

(C) लेखांकन प्रतिवेदनों को सुरक्षित करने के लिए

(D) डेटा का एंक्रिप्शन करने के लिए **1**

30. सभी उपलब्ध आकार शैलियों (शेप स्टाइलों) को देखने के लिए निम्न में से कौन सा बटन क्लिक करना होता है ?

(A) मोर (B) कस्टम

(C) चार्ट रूट (D) पिक्चर **1**

31. 'डेटा', 'सूचना' तथा 'लेनदेन' का क्या अर्थ है ? **3**

32. एक लेखांकन सॉफ्टवेयर की किन्हीं छः विशेषताओं की सूची दीजिए । **3**

33. (a) नोटपैड फाइल से प्रत्येक डेटा को एक ऐक्सल डेटा फाइल के रूप में सुरक्षित रखा जा सकता है । यह इसका संकेत देता है कि ऐक्सल वर्कशीट में चार प्रकार के डेटा सेल होते हैं । आँकड़ों (डेटा) के इन प्रकारों के नाम दीजिए तथा उनका उल्लेख कीजिए । **4**

अथवा

(b) 'आँकड़ा मान्यीकरण' का क्या अर्थ है ? 'अशुद्धि सावधान टेब' द्वारा क्या सुविधा मिलती है ? **4**

34. एक चार्ट के घटक के रूप में यदि एक उपयोगकर्ता 'पाठ विकल्प' (टेक्स्ट ऑप्शन) को बदलना चाहता है, तो वह ऐसा कैसे कर सकता है ? समझाइए । **6**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

29. (a) Which of the following is not an advantage of Computerised Accounting System ?
    (A) Timely generation of reports in desired format.
    (B) Unprogrammed and un-specific reports cannot be generated.
    (C) Economy in processing of accounting data.
    (D) Efficient record keeping. **1**

OR

(b) The need for codification is for :
    (A) easy processing of data and keeping the records.
    (B) generation of mnemonic codes.
    (C) to secure accounting reports.
    (D) the encryption of data. **1**

30. To see all the available shape styles, which of the following button is to be clicked ?
    (A) More (B) Custom
    (C) Chart root (D) Picture **1**

31. What is meant by 'Data', 'Information' and 'Transaction' ? **3**

32. List six features of an Accounting Software. **3**

33. (a) Each and every data from Notepad file can be saved as an Excel data file. This provides a lead that Excel worksheet consists of four types of data in cell. Name and state these data types. **4**

OR

(b) What is meant by 'Data Validation' ? What is facilitated by 'Error Alert Tab' ? **4**

34. If a user wishes to change a 'Text Option' as an element of chart, how can he/she do so ? Explain. **6**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE